वस्त्र मंत्रालय

मंत्रिमंडल हेतु माह अगस्त 2022 का मासिक सारांश

महत्वपूर्ण नीति : शून्य

महत्वपूर्ण उपलब्धियां:

I. कपास की अखिल भारतीय आवक लगभग 5.50 लाख गांठ थी। कपास की संचयी आवक इस मौसम में अक्टूबर 2021 से अगस्त 2022 तक 307.47 लाख गांठ रही है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 13% कम है। चूंकि बाजार में कपास की कीमत एमएसपी से ऊपर चल रही है, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने अगस्त, 2022 के दौरान एमएसपी अभियान के तहत कपास की खरीद नहीं की है।

II. वस्त्र मंत्रालय द्वारा 7 अगस्त, 2022 को होटल अशोक, नई दिल्ली में 8वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। समारोह के दौरान माननीय वस्त्र मंत्री और माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने हथकरघा क्षेत्र में 85 हथकरघा बुनकरों को उनकी उत्कृष्टता और उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2017, 2018, और 2019 के लिए संत कबीर पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इन पुरस्कार विजेताओं के लिए अपने विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए दिनांक 05-08-2022 से 11-08-2022 तक हैंडलूम हाट , जनपथ , नई दिल्ली में एक विशेष एक्सपो भी आयोजित किया गया था ।

- इस अवसर पर विकास आयुक्त (हथकरघा) के सभी अधीनस्थ कार्यालयों अर्थात बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यूएससी) और राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम में हथकरघा पर निम्नलिखित प्रचार गतिविधियों के साथ एक साथ उपयुक्त कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए प्रमुख पहलों का प्रसार:
  क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम , इंडिया हैंडलूम ब्रांड, हैंडलूम मार्क, मुद्रा योजना, बीमा योजना, ई-कॉमर्स, ई- धागा , जीआई आदि।
- स्थानीय सफलता की कहानियों की प्रस्तुति
- बुनकरों के साथ बातचीत
- बुनकार सेवा केन्द्रों के डिजाइन / नमूने और उत्पादों की प्रदर्शनी
- डीआरसी के माध्यम से सूचना का प्रसार

8वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के दौरान दिनांक 05-08-2022 से 16-08-2022 तक जनकपुरी हाट,जनकपुरी, दिल्ली में विशेष हथकरघा एक्सपो का भी आयोजन किया गया जिसमें हथकरघा बुनकरों को अपने हथकरघा उत्पादों को बेचने और प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया।

हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, चेन्नई ने भागलपुर, बिहार और बरगढ़ , ओडिशा में दो घरेलू विपणन कार्यक्रम - हैंडलूम सोर्सिंग शो का आयोजन किया। ब्रिटेन और स्पेन में हमारे उच्चायोग/दूतावास के सहयोग से लंदन और मैड्रिड में 'लॉ ऑफ वॉवन ड्रीम्स' नाम

के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें देश के सभी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 हैंडलूम उत्पादों का क्यूरेट प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इन दोनों स्थानों पर कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया। लाइव लूम प्रदर्शन का आयोजन किया गया। दोनों देशों में इन कार्यक्रमों का खूब सराहा गया।

बुनकर मुद्रा योजना के तहत अगस्त 2022 में 852 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए।

III. सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में दिनांक 27.07.2022 को हस्तशिल्प पुरस्कार , 2019 के लिए प्रविष्टियों के चयन के लिए एक केंद्रीय स्तर की चयन समिति की बैठक आयोजित की गई थी।

IV. उत्पादन संम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत, 64 आवेदकों का चयन किया गया और अगस्त, 2022 में 54 चयनित प्रतिभागियों को अनुमोदन पत्र भेजे गए । लगभग 700 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है।

V. अन्ना विश्वविद्यालय निरीक्षण समिति ने सरदार वल्लभभाई इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्सटाइल मैनेजमेंट (एसवीपीआईएसटीएम) का दिनांक 12 अगस्त, 2022 को दौरा किया । दिनांक 29 अगस्त,2022 के पत्र के अनुसार , एसवीपीआईएसटीएम को अन्ना विश्वविद्यालय से छह (6) पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए अनंतिम संबद्धता आदेश प्राप्त हुआ ।

VI. दो एफडीआई प्रस्ताव अर्थात यम रिबन और ग्रीन बेसिल को मंजूरी दी गई और डीपीआईआईटी को सिफारिश की गई।

VII. दिनांक 23 अगस्त, 2022 को इंफाल, मणिपुर में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से एक "तकनीकी वस्त्र सम्मेलन" का आयोजन किया , जिसमें मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि थे और माननीय वस्त्र राज्य मंत्री सम्मानित अतिथि थीं ।

VIII. माननीय वस्त्र मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- दिनांक 02.08.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) की समीक्षा बैठक ।
- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के दौरान माननीय वस्त्र मंत्री ने दिनांक 07. 08.2022 को अशोक होटल, नई दिल्ली में हथकरघा क्षेत्र में 85 हथकरघा बुनकरों को उनकी उत्कृष्टता और उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2017, 2018 और 2019 के लिए संत कबीर पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया ।
- दिनांक 10.08.2022 को वीसी के माध्यम से क्लोदिंग और वस्त्र रिसाइकिल्गि सम्मेलन पर बैठक।
- दिनांक 05.8.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में निर्यात संवर्धन परिषदों, केंद्रीय रेशम बोर्ड और उद्योग संघों के साथ संवादात्मक बैठक
- दिनांक 10.08.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी ओडीओपी पर बैठक।
- वस्त्र मंत्रालय ने दिनांक 12.08.2022 को सत्याग्रह मंडप, गांधी दर्शन, राजघाट के पास, नई दिल्ली में हर घर तिरंगा मनाया।
- दिनांक 16.08.2022 को हथकरघा हाट नई दिल्ली का दौरा किया।
- दिनांक 18.08.2022 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में वस्त्र आयुक्त कार्यालय के पुनर्गठन पर बैठक ।

IX. माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के दौरान माननीय वस्त्र मंत्री ने दिनांक 07. 08.2022 को अशोक होटल, नई दिल्ली में हथकरघा क्षेत्र में 85 हथकरघा बुनकरों को उनकी उत्कृष्टता और उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2017, 2018 और 2019 के लिए संत कबीर पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया ।
- दिनांक 22.08.2022 को आगा खान हॉल, नई दिल्ली में सिल्क मार्क एक्सपो का उद्घाटन किया।
- दिनांक 31.08.2022 को मोनो एथिलीन ग्लाइकॉल (एमईजी) पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने के मामले पर एक चर्चा बैठक।

सचिव (वस्त्र) ने निम्नलिखित बैठक की अध्यक्षता /भाग लिया:

- दिनांक 01.08.2022 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में टेक्नोटेक्स -2023 -तकनीकी वस्त्रों पर एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह – सम्मेलन पर संचालन समिति की पहली बैठक ।
- दिनांक 01.08.2022 को निफ्ट के 57 वें बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) की बैठक ।
- दिनांक 02.08.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में पीएम मित्र की समीक्षा बैठक में भाग लिया ।
- दिनांक 04.08.2022 प्रगति मैदान,नई दिल्ली में गार्टेक्स - टेक्सप्रोसेस इंडिया का उद्घाटन किया।
- दिनांक 05.8.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में निर्यात संवर्धन परिषदों, केंद्रीय रेशम बोर्ड और उद्योग संघों के साथ संवादात्मक बैठक में भाग लिया।
- विग्नेट-विस्कर्मा वस्त्र प्रदर्शनी के पूर्वावलोकन में मुख्य अतिथि : निफ्ट, बेंगलुरु और नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (एनजीएमए), बेंगलुरु द्वारा दिनांक 06.08.2022 को आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर कला और कलात्मकता।
- दिनांक 07.08.2022 को अशोका होटल, नई दिल्ली में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भाग लिया ।
- दिनांक 08.08.2022 को निफ्ट, पंचकुला और ओसवाल कंपनी लिमिटेड का दौरा किया।
- दिनांक 08.08.2022 को पंचकुला में बालिका छात्रावास का उद्घाटन और 08.08.2022 को पंचकूला में बद्दी में वर्धमान समूह का दौरा।
- दिनांक 10.08.2022 को नई दिल्ली में हर घर तिरंगा की समीक्षा।
- दिनांक 10.08.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी ओडीओपी पर बैठक में भाग लिया
- दिनांक 11.08.2022 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में पीएम मित्र की समीक्षा बैठक में भाग लिया।
- दिनांक 16.08.2022 को हथकरघा हाट , नई दिल्ली में भाग लिया।
- उद्योग भवन में निफ्ट डिजाइन इनोवेशन इनक्यूबेटर की स्थापना की समीक्षा बैठक।

- दिनांक 16.8.2022 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में पर्ल अकादमी के छात्रों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ।
- दिनांक 17.08.2022 को नई दिल्ली में सिटी -10 वें एटेक्सकॉन- "अगले दशक के लिए वस्त्र और परिधान उद्योग की पुनर्कल्पना" पर बैठक।
- वस्त्र मंत्रालय ने दिनांक 18.08.2022 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में सद्भावना प्रतिज्ञा मनाई गई।
- दिनांक 18.08.2022 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में वस्त्र आयुक्त कार्यालय के पुनर्गठन पर बैठक में भाग लिया।
- दिनांक 22.08.2022 को आगा खान हॉल, नई दिल्ली में सिल्क मार्क एक्सपो के लिए विशिष्ट अतिथि।
- दिनांक 22.08.2022 को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर पूसा,नई दिल्ली में किसानों के मुद्दों पर समिति की बैठक।
- वस्त्र समिति के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि और 22.08.2022 को मुंबई में कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया स्मारिका का विमोचन किया।
- दिनांक 23.08.2022 को मुबई में सतलुज टेक्सटाइल्स इंडिया लिमिटेड का दौरा किया।
- दिनांक 23.08.2022 को वस्त्र समिति, मुंबई की समीक्षा।
- दिनांक 23.08.2022 को प्रेसिडेंशियल बॉलरूम, होटल प्रेसिडेंट, कफ परेड मुंबई में टेक्सप्रोसिल एक्सपोर्ट अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि ।
- दिनांक 24.08.2022 को एक्सपो सेंटर, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई में इंड-टेक्सपो रिवर्स बायर सेलर मीट का उद्घाटन किया।
- दिनांक 25.08.2022 को कैबिनेट सचिवालय, नई दिल्ली में व्यापार सुविधा पर राष्ट्रीय समिति की छठी बैठक में भाग लिया ।
- दिनांक 26.08.2022 को इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में ईपीसीएच द्वारा आयोजित इंडिया जीआई फेयर 2022 और खिलोना 2022 का उद्घाटन किया।
- दिनांक 27.08.2022 को राजीव गांधी हस्तशिल्प भवन, नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार 2019 के लिए केंद्रीय स्तर की चयन समिति की अध्यक्षता की।
- दिनांक 31.08.2022 को मोनो एथिलीन ग्लाइकोल (एमईजी) पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने के मामले पर चर्चा बैठक में भाग लिया।

- ''आज़ादी का अमृत महोत्सव " के तहत वस्त्र आयुक्त का कार्यालय, मुबई में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित / मनाए गए ।
- दिनांक 01.08.2022 को "देश भक्ति गीतों" पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 03.08.2022 को "आज़ादी से हम ने क्या पाया" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 10 अगस्त से 30 अगस्त , 2022 तक हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री का आयोजन किया गया है ।
- दिनांक 18.08.2022 को कोविड-19 परीक्षण का आयोजन किया गया।
- यूनिकेयर हेल्थ सेंटर द्वारा दिनांक 22.08.2022 को एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26.08.2022 को ऑपरेशन गंगा के तहत स्टारंडेड भारतीय छात्रों के सुरक्षित मार्ग का समर्थन करने के लिए पोलिश प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया ।

XII. "आज़ादी का अमृत महोत्सव " के तहत ' हर घर तिरंगा "_अभियान (AKAM):

वस्त्र उद्योग की मदद से निर्मित 6.20 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज वस्त्र मंत्रालय को मिले और 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए। वस्त्र मंत्रालय के माध्यम से प्राप्त 1 करोड़ से अधिक झंडे डाक विभाग द्वारा बेचे गए।

................